// सोशल आडिट निदेशालय
ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 592 / सो.आ.नि.–318 / 14
दिनाँकः 13 फरवरी, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः सोशल आडिट टीमों के गठन हेतु कतिपय श्रेणियों में पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त न होना।

महोदय,

कतिपय जनपदों से सूचना प्राप्त हुई है कि सोशल आडिट टीम के सदस्यों के चयन हेतु कतिपय श्रेणियों के पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हो सके हैं, टीम के सदस्यों की संख्या पूर्ण करने हेतु पुनः आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं चयन प्रक्रिया 28 फरवरी, 2014 तक पूर्ण करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाए।

2– उक्त के सम्बन्ध में आपका ध्यान इस निदेशालय के पत्र संख्या 426 / सो0आ0नि0–318 / 2013 दिनांक 17–12–2013 की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसमें यह अपेक्षा की गई थी कि सोशल आडिट टीमों के गठन हेतु सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले तथा जागरूक ग्रामीणों से आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा और उक्त हेतु DSAC/BSACs सक्रिय रूप से अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि कतिपय जनपदों के DSAC/BSACs द्वारा उक्त निर्देशों का अनुपालन गम्भीरता से नहीं किया गया।

3– आपसे अनुरोध है कि कृपया वस्तुस्थिति की समीक्षा कर लें और यदि DSAC/ BSACs द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक न किया जा रहा हो तो उनके विरूद्ध यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें। ज्ञातव्य है कि संविदा के आधार पर तैनात DSAC/BSACs को कर्तव्य पालन में रूचि न दर्शाने पर उनको बिना कारण बताए एक माह का नोटिस देकर अथवा उसके बदले एक माह के मानदेय के समतुल्य धनराशि का भुगतान कर संविदा सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

4– उपरोक्त निर्देशों के साथ कतिपय जनपदों से प्राप्त प्रस्ताव कि टीम के सदस्यों की संख्या पूर्ण करने हेतु पुनः आवेदन पत्र प्राप्त कर लिए जाएं एवं चयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु दिनांक 28–2–2014 तक का समय प्रदान किया जाए, का अनुमोदन प्रदान किया जाता है। आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित DSAC/BSACs व्यक्तिगत रूप से सम्बन्धित विकास खण्ड के जागरूक ग्रामीणों, जो सोशल आडिट प्रक्रिया में योगदान करना चाहें, से सम्पर्क कर आवश्यक संख्या में आवेदन पत्र एक निर्धारित तिथि तक प्राप्त करें। प्राप्त

आवेदन पत्रों को चयन समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करके यथावश्यक सदस्यों का चयन किया जाए।

कृपया तद्नुसार कार्यवाही कराते हुए दिनांक 28—2—2014 तक टीमों का गठन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

प्रतिलिपि :—
निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2— समस्त जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश

(शंकर सिंह)
निदेशक।